हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 24 जून, 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

EXPERT COACHING CLASSES
NEET/JEE/FOUNDATION
8th 9th 10th 11th 12th (ICSE/CBSE/CG Board)
ECC EXPERT COACHING CLASSES Learn From The Best...
NEET DROPPER & REPEATER
BATCH START FROM 1/JULY/2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441

# पारागांव में रेत का अवैध उत्खनन, भड़के ग्रामीणों ने मचाया जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि लगातार

डंप रेत की जब्ती और बिना नीलामी के बेचे जाने का मामला अभी थमा नहीं है और मुड़पार से लगे हुए पारागांव में रेत तस्करों द्वारा व्यापक पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। पीएम आवास के लिए डंप की गई रेत की जब्ती और नियम विरुद्ध ढंग से बेचे जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने आज पारागांव में रेत के अवैध उत्खनन में लगी एक हाईवा और जेसीबी मशीन को रोककर जमकर हंगामा मचाया।

ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना था कि अनुविभाग के अफसरों के इशारे पर रेत का अवैध कारोबार किया जा रहा है। एसडीएम उमेश पटेल द्वारा मुड़पार, पारागांव और जामरी में रखी हजारो घन मीटर रेत की जब्ती बनाकर उसे राजनांदगांव के सप्लायर प्रतीक अग्रवाल और लेखराम साहू के सुपुर्द कर दिया था। सप्लायर ने इस रेत की मनमाने ढंग से बिक्री भी कर दी। इस बीच रेत तस्करों द्वारा पारागांव नदी में रेत का व्यापक पैमाने पर अवैध उत्खनन भी किया जा रहा है। पीएम आवास के लिए रखी गई रेत को जब्ती बनाए जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने आज दोपहर पारागांव नदी के तट पर पहुंचकर अवैध उत्खनन को रंगे हाथो पकड़ा है। बताया जाता है कि राजनांदगांव के ही सप्लायर द्वारा वहां अवैध उत्खनन किया जा रहा था। मौके पर एक जेसीबी और हाईवा को भी रोक दिया गया है।

## प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप, भड़के ग्रामीण

### नहीं पहुंचे अफसर

रेत के अवैध उत्खनन में लिप्त जेसीबी और हाइवा को रोके जाने के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम उमेश पटेल और तहसीलदार श्री ठाकुर को मौके पर बुलाया, लेकिन किसी भी प्रशासनिक अफसर ने गांव पहुंचने में रूचि नहीं दिखाई। इस बीच पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे लेकिन इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कोई भी प्रशासनिक अफसर वहां नहीं पहुंचा। जिससे गांव में तनाव की स्थिति निर्मित रही।



### कांग्रेस की जांच टीम पहुंची

इधर मुड़पार रेत कांड की जांच करने के लिए आज कांग्रेस नेताओं की टीम भी पहुंची। उन्होंने पूरे मामले में ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने कहा कि मकान बनाने के लिए उन्होंने अपने खेत में रेत रखी थी। जिसे बिना मुनादी किए ही जब्त कर लिया गया। कांग्रेस ने कल 24 जून को इस मामले में आंदोलन का भी ऐलान किया है।

### जहां कार्रवाई वहीं अवैध उत्खनन

एसडीएम ने मुड़पार, पारागांव और जामरी में डंप कर रखी गई रेत को ही जब्त किया था। इस मामले में अभी जांच चल रही है और तस्करों के हौसले इस कदर बुलंद है कि पारागांव में बेखौफ रेत का अवैध उत्खनन भी किया जा रहा था। इस पूरे गोरखधंधे के पीछे तस्करों को राजनैतिक संरक्षण मिलने से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

## प्रदेश स्तर से सभी जिलों के लिए जारी किया गया टारगेट, आवेदन लेना जारी

# तीन जिलों के 162 किसानों को मिलेगा ट्रैक्टर कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ मिनी राइस मिल भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून के आते ही किसानों ने खेती की तरफ रुख कर लिया है। खरीफ सीजन में धान सहित अन्य फसल लेने वाले किसान अपना खेत तैयार करने में लग गए है, कुछ इलाकों में बोनी की शुरुआत भी हो गई है। इस बीच किसानों के लिए राहत की खबर है, प्रदेश सरकार ने किसानों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत कृषि यंत्रो के वितरण को लेकर जिलावार टारगेट जारी कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव, खैरागढ़ सहित मोहला-मानपुर जिले के कुल 162 किसानों को इस बार ट्रैक्टर में सब्सिडी देने का टारगेट दिया गया है। ऐसे ही डेढ़ दर्जन कम्बाईन हार्वेस्टर और तीन मिनी राइस मिल के लिए भी योजना के तहत अन्नदाताओं को आर्थिक मदद सरकार द्वारा की जाएगी। टारगेट मिलने के बाद अब विभाग ने इसके वितरण की तैयारी शुरु कर दी है। आवेदन करने वाले किसानों में से लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को इसका लाभ दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ समेत देशभर में केंद्र प्रवर्तित कृषि यंत्रीकरण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्र की खरीदी पर उन्हें 40 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती है। इसके अलावा कस्टम हायरिंग केंद्रों और उच्च मूल्य वाले कृषि यंत्रों के लिए उच्च तकनीकी केंद्र स्थापित करने को 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है।

### नांदगांव में सर्वाधिक टारगेट मिला

बीज निगम के माध्यम से किसानों को कृषि यंत्रों का वितरण किया जाएगा। इसमें ट्रैक्टर के लिए राजनांदगांव जिले को 60 और मोहला-मानपुर व खैरागढ़ जिले को 51-51 का टारगेट मिला है। ऐसे ही तीनों जिलों को 6-6 कम्बाईन हार्वेस्टर, राजनांदगांव व खैरागढ़ को 4 व मोहला-मानपुर को तीन पैडी ट्रांसप्लांटर के साथ ही तीनों जिलो में एक-एक मिनी राइस मिल का टारगेट दिया गया है।

## जिलों के लिए संख्या के साथ जारी किया गया टारगेट



### मिलते है यह यंत्र

मिली जानकारी के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को करीबन आधा दर्जन कृषि यंत्र में सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। इनमें हस्त बैल चलित यंत्र, ट्रैक्टर, पावर टिलर, कम्बाईन हारवेस्टर, शक्ति चलित कृषि यंत्र, पौधा संरक्षण यंत्र, सिंचाई पंप आदि कृषि यंत्र जैसे यंत्र शामिल है। हालांकि इस बार विभाग को टारगेट ट्रैक्टर, कम्बाईन हारवेस्टर, पावर टिलर, पैडी ट्रांसप्लांटर और मिनी राइस मिल के लिए आया है।

### 70 फीसदी अनुदान पर दिया जाता है उपकरण

चैंप्स में किसानों को खेती के लिए कृषि यंत्र, सिंचाई पंप और ड्रिप और स्प्रिंकलर बांटने की योजना है। इसके लिए 70 फीसदी अनुदान भी दिया जाता है। इसके अलावा जो किसान यह उपकरण और सामान लेना चाहते हैं, उसे 30 फीसदी राशि जमा करनी होती है। इसके बाद ही उसे किसानों को दिया जाता है। इस पोर्टल में पंजीयन के बाद आवेदन करने पर ही किसानों को योजना के तहत लाभ दिया जाता है।


## 7 जुलाई को रथयात्रा

# नाथ हुए बीमार, सुबह शाम काढ़ा से इलाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्णिमा को देव स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार हो गए है, जिनका इलाज सुबह शाम आयुर्वेदिक काढ़ा से किया जा रहा है। इस दौरान भक्तों के लिए मंदिर में पट बंद रहेंगे। स्वस्थ्य होने पर 7 जुलाई को भव्य रथयात्रा निकाली जायेगी। जिसकी व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।



भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 7 जुलाई को है जिसे लेकर भक्तों में जहां उत्साह का माहौल है वहीं जगन्नाथ मंदिर में भव्य रथ बनाए जाने की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। शनिवार को भगवान जगन्नाथ को स्नान कराया गया। ऐसी मान्यताए है कि देव स्नान के बाद जगन्नाथ भगवान बीमार पड़ जाते है। जिनके स्वास्थ्य लाभ के लिए अब प्रतिदिन सुबह शाम औषधी युक्त काढ़ा से सेवा की जायेगी। इस दौरान मंदिर के पट बंद रहेंगे। भगवान जगन्नाथ इन दिनों विश्राम करेंगे। ज्ञात हो कि शहर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा भव्य रूप से निकाली जाती है। इस दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चात भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर भ्रमण करती है। जिसका कई स्थानों पर भव्य स्वागत सत्कार किया जाता है एवं लोग पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ कमाते है। जगन्नाथ मंदिर समिति प्रभात नगर के संरक्षक नितेश नायक ने बताया कि रथयात्रा की तैयारियां जोरों से जारी है। मंदिर समिति द्वारा रथ निर्माण का काम भी शुरू कर दिया गया है।

### रथ निर्माण का कार्य प्रारंभ

भगवान जगन्नाथ 6 जुलाई को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य हो जाएंगे और इसके साथ ही भक्तों को दर्शन देंगे और नेत्र उत्सव मनाया जायेगा, तत्पश्चात 7 जुलाई को बाजे-गाजे के साथ उनकी रथयात्रा निकाली जाएगी। शहर के जगन्नाथ मंदिर, गांधी चौक एवं प्रभात नगर में रथयात्रा के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है। भव्य रथ का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र सवार होंगे और भक्त भक्ति में भगवान जगन्नाथ का रथ रस्सी के सहारे खीचेंगे।

# गरज-चमक के साथ होगी बारिश!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में 26 जून से वृद्धि होने की संभावना है। 27 और 28 जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस अवधि में एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ रहने की सम्भावना रहेगी ।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से तटीय महाराष्ट्र तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 24 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है ।

# एक ही घर में दो दफा चोरी के प्रयास, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में चोरी का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। खास बात यह है कि इन आरोपियो ने एक ही घर में दो दफा चोरी का प्रयास किया था।



पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी प्रकाश कुमार विश्वकर्मा उम्र- 42 साल साकिन ग्राम कल्याणपुर ने 21जून को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि4जून को रात्रि लगभग साढे 12 बजे गांव का पृथ्वी कंवर का जो चोरी करने के नियत घर के खिड़की में लगे कांच को तोड़कर अंदर हाथ डालकर सिटकिनी को खोल दिया । आवाज सुनकर पत्नि आई तो आरोपी अन्दर से कमरा का दरवाजा बंद कर खिड़की से कुदकर भाग गया ।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इसके बाद 18जून की रात्रि लगभग साढे 11 बजे आरोपी पृथ्वी कंवर चोरी करने के नियत से छत के रास्ते से सीढ़ी से उतरकर घर अंदर आकर भाई के कमरे के दरवाजे का सिटकिनी को तोड़ने का प्रयास कर रहा था । जागने पर आरोपी छत में चढ़कर कुद कर भाग गया कि रिपोर्ट पर धारा- 457, 380, 511 भादवि का अपराध पंजीबद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया था। पुलिस ने आरोपी पृथ्वी कंवर उम्र- 22 साल को घेरा बंदी कर पकड़कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

0 राजनांदगांव। जेठ माह के समापन के साथ असाढ़ माह 23 जून से प्रारंभ हो गया है। वहीं मानसून भी सक्रिय होने लगा है, जिससे किसानों ने किसानी कार्य प्रारीं कर दिया है।

### मॉय एंगल




## व्यापम द्वारा आयोजित की गई परीक्षा, आसान सवाल से खिले चेहरे

# शिक्षक पात्रता परीक्षा: 15305 ने दी दो पालियों में परीक्षा 6361 रहे अनुपस्थित, पीपीटी पेपर में 26% ही उपस्थिति!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 23 जून को दो पालियों में किया गया। इस परीक्षा में दो पालियो में कुल 15305 लोगों ने उपस्थित रहकर परीक्षा दी। वहीं करीबन 6361 परीक्षा देने नहीं आए।

इसके अलावा एक और परीक्षा पीपीटी का रविवार को आयोजन किया गया था। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस परीक्षा में आवेदन करने के बाद भी महज 26 फीसदी ही परीक्षार्थी परीक्षा हाल तक पहुंचे। 70 फीसदी से अधिक परीक्ष देने ही नहीं आए।





**चार केंद्रो में परीक्षा, गिनती के बच्चे पहुंचे** : छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश हेतु पीपीटी परीक्षा का आयोजन राज्य के सभी 32 जिला मुख्यालयों में रविवार को किया गया था। जिले में भी पंजीकृत 1578 बच्चों के लिए चार केंद्र सरस्वती स्कूल, नीरज स्कूल, युगांतर स्कूल एवं कॉलेज को केंद्र बनाया गया था। लेकिन परीक्षा के दिन महज 426 बच्चे ही शामिल होने पहुंचे, 1152 अनुपस्थित रहें।

### दो पालियो में शिक्षक बनने दी परीक्षा

प्रदेशभर में रविवार को टीईटी की परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रथम पाली में कक्षा 1-5 तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक और दूसरे पाली में कक्षा 6-8 तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक होगी। इन दोनों ही परीक्षा में एक-एक अंक के 150 सवाल किए गए थे। जिले में टीईटी की परीक्षा के लिए कुल 38 केंद्र बनाए गए थे।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन



डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### मोहड़ में सामूहिक दीप यज्ञ का आयोजन

**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के ग्रामे ग्रामे एवं गृहे गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के तहत मोहड में भेषकुमारी, गिरधर साहू के प्रयास से सामूहिक दीप यज्ञ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते हुए जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने नियमित उपासना करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभा कौशल साहू, भामा साहू, नीलिमा सिन्हा, कृष्णा साहू, रुक्खमन देवांगन, श्रीमती गायकवाड़ सहित अन्य शामिल हुए।

### नए कानूनों के क्रियान्वयन पर कार्यशाला



**मोहला।** पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा एवं पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तीन नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर ने तीन नए कानूनों के 1 जुलाई को लागू होने के पूर्व थाना प्रभारियों व विवेचना अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य विधेयक के प्रावधनों, प्रक्रियाओं तथा सम्मिलित किए गए नए अपराध धाराओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी।

विवेचकों के प्रश्नों का समाधान किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक ताजेश्वर दीवान सहित जिलेभर के थाना प्रभारियों के साथ 50 से अधिक विवेचना अधिकारी सम्मलित हुए।

### बलिदान दिवस समारोह आज

**कलकसा।** गोंड समाज द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। सुबह 9 बजे गोंडवाना धर्म शाला छिरपानी स्थित दुर्गावती प्रागण में तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोटी, नरोत्तमसिंह कुंजाम, तिजऊ मंडावी, सदाराम नेताम आदि द्वारा सेवा अर्जी किया जाएगा। तत्पश्चात बाईक रैली निकाली जाएगी। इसी दिन माड़ीतराई में सगा समाज द्वारा बुढ़ादेव जयंती गोंडवाना गौरा कलश जात्रा का आयोजन रखा गया है।

खुर्सीपार बिलहारी में बलिदान दिवस मनाया जाएगा। मक्काटोला बूढ़ादेव प्रांगण में सामुदायिक भवन लोकार्पण, दुर्गावती प्रतिमा का अनावरण,युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सामाजिक संगोष्ठी रखा गया है। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिपं सदस्य कांकेर हेमलाल मरकाम, मदन नेताम, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह,संतोष मरावी, संतोष पड़ोटी, प्रभा रमेश साहू, पुष्पलता घनश्याम वैष्णव, जयंती ठाकुर, हेमलाल वर्मा, चित्ररेखा मंडावी, रमेश उइके, लादूराम तुमरेकी, मयाराम मंडलोई, नरेन्द्र ओटी, नरोत्तम कुंजाम, प्रमिला उइके, सुरेश उइके, राजेश नेताम, राजेश पड़ोटी, मोहन कंवर, मनीष छेदैहा, मदन खुरश्याम आदि शामिल होंगे।

### निधन

#### कमलादेवी त्रिपाठी

**डोंगरगांव।** नगर के प्रतिष्ठित



बिसौहा प्रसाद त्रिपाठी की धर्मपत्नी कमलादेवी त्रिपाठी का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक, पारिवारिक जन शामिल हुए। वह सतीश त्रिपाठी, प्रकाश त्रिपाठी, संजू त्रिपाठी की माता थी।

## हजारों घनमीटर रेत जब्त करने के बाद नीलाम करने का मामला

# कार्रवाई की मांगः भाजपा ने की शिकायत, कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मुड़पार में सैकड़ों ट्रिप हाईवा रेत की जब्ती और बिना नीलामी के ही उसे बेचे जाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है।

एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सत्ता और विपक्ष दोनो एक मंच पर आ गए है। कांग्रेस ने एफआईआर दर्ज नहीं होने पर आंदोलन का ऐलान किया है वहीं भाजपा नेताओं ने इस पूरे मामले की शिकायत राज्य शासन और प्रशासन से की है। भाजपा नेताओं ने जांच और कार्रवाई की मांग की है। हजारो घन मीटर रेत को जब्त करने के बाद बिना नीलामी के ही बेचे जाने के मामले की शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जांच के आदेश जारी कर दिए है। अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे की अगुवाई में टीम जांच में जुटी हुई है।

इस बीच मामले को लेकर राजनीति भी गर्म हो गयी है। कांग्रेस के साथ साथ भाजपा ने भी इस मामले में दोषी अधिकारियों और सप्लायर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### एफआईआर दर्ज हो



छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने शासकीय अधिकारी-कर्मचारी की आंखों के सामने जब रेत चोरी हो सकती है तो आम जनता अपने आप को कैसे सुरक्षित समझेगी। रेत चोरी का मामला, अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

**- भुनेश्वर बघेल,** पूर्व विधायक, डोंगरगढ़

### एसडीएम पर हो कार्रवाई



पीएम आवास के लिए ग्रामीणों द्वारा रखी गई रेत को एसडीएम ने जब्ती बनाया है। नीलामी किए बगैर ही उसे चहेते सप्लायर को दे दिया गया। इस मामले में एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही और थाने में एफआईआर दर्ज नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। विधानसभा में भी यह मुद्दा मेरे द्वारा उठाया जाएगा।

**-हर्षिता स्वामी बघेल,** विधायक, डोंगरगढ़

### होनी चाहिए कड़ी कार्रवाई



मामला बेहद गंभीर है। मैंने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस पूरे मामले में दोषी अधिकारी और सप्लायर के खिलाफ कार्यवाही करने कहा है। इस मामले की शिकायत राज्य शासन स्तर पर भी की गई है।

**- रामजी भारती** पूर्व विधायक डोंगरगढ़

### विस में उठेगा मामला



मुडपार अवैध रेत उत्खनन के मामले में अधिकारियों ने शासन और प्रशासन की नीति व कानूनी कार्यवाही को नजरअंदाज कर कार्यवाही की है। इस पूरे मामले को मेरे द्वारा विधानसभा में उठाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जाएगी।

**- दलेश्वर साहू,** विधायक, डोंगरगांव

### सीएम से शिकायत



एसडीएम ने नियम कानूनों को दरकिनार कर ऐसी कार्रवाई की है। इस मामले की शिकायत मैंने मुख्यमंत्री से कर दी है। मामले में जो भी अधिकारी, कर्मचारी या नेता दोषी है उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

**- विनोद खांडेकर,** पूर्व विधायक

### कानूनी कार्रवाई हो



भाजपा की सरकार आते ही अवैध कारोबार में तेजी आ गयी है। सरकार ऐसे कारोबार को बढ़ावा देने में लगी है। मुड़पार में डंप रेत की जब्ती और नीलामी किए बगैर ही उसे बेच दिया गया है। मामला बेहद गंभीर है। दोषियो के खिलाफ कानूनी कार्वाही की जानी चाहिए।

**- धनेश पटिला,** पूर्व मंत्री

### तूल पकड़ रहा जब्त रेत गायब होने का मामला

**डोंगरगढ़।** मुडपार में रेत का जब्त करने और फिर उसके गायब होने के मामले को विधायक दलेश्वर साहू ने अधिकारियों की मनमानी बताते हुए कहा है कि इस पूरे मामले को विधानसभा में उठाकर कडी कार्यवाही कराया जाएगा। वहीं इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेष बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी भी मोर्चा खोलते नजर आ रही है। जिला कांग्रेस कमेटी ने कमेटी का गठन करते हुए इस प्रकरण को लेकर आंदोलन करने की तैयारी शुरू कर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने जांच कमेटी का गठन करते हुए जनपद अध्यक्ष भावेशसिंह, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, प्रभा साहू, पुष्पा वर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, विजयराज चौहान, एलबी नगर ब्लाक अध्यक्ष हीरा सोनी, जनपद उपाध्यक्ष नरेन्द वर्मा, अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस संदीप गहरवार को नियुक्त किया है।

# आरा मिलों से लाखों की लकड़ी बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को रामाटोला स्थित आरा मशीनों में छापामार कार्यवाही करते हुए लकड़यिों को जप्त किया गया है।परिक्षेत्र अधिकारी ने कार्यवाही की पुष्टि करते हुए बताया कि आरा मशीन से सैकड़ो नग इमारती लकडी जप्त किया गया है। विभाग ने लगभग दो से तीन लाख की 159 नग लकड़ी जप्त किया है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के जंगलों से अवैध कटाई की खबरें अक्सर आते रहती है। अब वन विभाग ने कार्यवाही कर इस बात की पुष्टि कष्दिया है कि वर्षों से पदस्थ कुछ वन कर्मचारी के संरक्षण में लकड़ी का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। हाल ही में मोहारा क्षेत्र में लकडी तस्कर के यहां राजनांदगांव वन विभाग की टीम ने छापामारा था। उत्तर बोरतलाव, दक्षिण बोरतलाव, डोंगरगढ़ परिक्षेत्र, उत्पादन परिक्षेत्र के अलावा अछोली काष्ठागार, बम्लेश्वरी डिपो एवं चौथना बांस डिपो में पदस्थ कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं। कई लोगो का स्थानांतरण भी हुआ किन्तु वह राजनीतिक एप्रोच के जरिए पुनः पदस्थापना कराने में सफल हुए हैं।

### महिलाओं ने किया योग का अभ्यास



**डोंगरगढ़।** योग केंद्र नागसेन बुद्ध विहार में सैकड़ों महिलाओं ने योग दिवस के मौके पर एक साथ योग किया। योग शिक्षिका रुपा टेंभुरकर ने महिलाओं को दिनचर्या और ऋतु आहार की जानकारी दी। इस मौके पर योग शिक्षिका रूपा टेम्भूरकर, लीना साहू, बबिता, आशा, कुसुम, संगीता, सतिका, मीना, प्रीतिबाला, सांची, नलिनी, प्रणिता, अशरफ जीवा, नलिनी राव, विजया, भारती, सुषमा, ममता, इंदु, लक्ष्मी, प्रेरणा, दिव्या, स्मृति, धम्मप्रिया, श्वेता, मंजू, सरिता, आकांक्षा, दीपाली, राशि आदि मौजूद थे।

# पहली बारिश ने खोली पंचायत की पोल



**मुसरा।** ग्राम पंचायत रुआतला में सड़क और नाली की गंभीर समस्या बनी हुई है। चुनाव के 5 साल बाद भी वार्डों में न नाली बनाई गई और न सड़के बन सकी है। इस पंचायत में 13 वार्ड है जिसमें से कई वार्डों में नाली नहीं बनी है और न सड़क है। घरों से निकलने वाला पानी गलियों में बहने से लोग कीचड़ से चलने के लिए मजबूर है। गंदगी के कारण गांव में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव में सफाई पर हजारों रुपए खर्च किया जाता है किंतु उसके बाद भी बारिश का पानी नालियों से जाने की बजाय सड़कों में बहते रहता है। बड़ी रकम खर्च करने के बाद भी नालियां साफ नहीं हो पा रही है।

# व्यवस्था बनाने जुटे अधिकारी और जवानों का साधुवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। आयोजन स्थल सहित अन्य जगहों पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्यामें पुलिस अधिकारी एवं जवानों को तैनात किया गया है जिनका कथावाचक पं मिश्रा ने साधुवाद किया है।

गंडई नगर में 18जून से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा का वाचन कर रहे हैं। यह आयोजन गोड़वाना मैदान पंडरिया में रखा गया है। कथा स्थल तक जाने के लिए एक ही रास्ता है जिससे लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के निर्देशन में सुरक्षा हेतु जिला केसीजी एवं अन्य जिलों के पुलिस अधिकारी, जवानों की ड्यूटी कथा पंडाल के अलावा विभिन्न जगहों पर लगाया गया है।

श्रद्धालुओं को अप्रिय घटना से बचाने के लिए पृथक से सायबर टीम भी तैनात किया गया है जिसके कारण दो दिन में 4 महिला और एक पुरूष को पकडकर जेल भेजा गया है।

### सुगम यातायात व्यवस्था

पुलिस विभाग की सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था व अन्य ड्यूटी को देखते हुए 20 जून को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक श्री मिश्रा ने कथा वाचन के दौरान कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, नगर निरीक्षक एवं ड्यूटी पर तैनात जवानों को साधुवाद दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी ने एक रोड होने के बाद यातायात व्यवस्था को कंट्रोल कर आने जाने के लिए सुगम रास्ता बनाया है। कड़ी धूप में खडे होकर पुलिस के जवान अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं।

# सामाजिक भवन के लिए जमीन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रवास पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष और विधायक डॉ रमन सिंह से कसेर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाक़ात किया।

प्रतिनिधि मंडल ने सामाजिक दिक्क़तों से अवगत कराते हुए बताया कि शहर में बड़ी संख्या में सामाजिक जन निवासरत है। सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए कोई सुनिश्चित सामाजिक भवन का निर्माण जमीन के आभाव में अब तक नहीं हो सका है। प्रतिनिधि मंडल ने सामाजिक जनों की जरूरत को देखते हुए जमीन आबंटित कराने का आग्रह डॉ सिंह से किया।

मुलाकत के दौरान कसेर समाज के विजय हरिहारनो, विशाल हरिहारनो, राजू हरिहारनो, अविनाश, विलास, उज्ज्वल कसेर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो, उपाध्यक्ष सपना भारद्वाज, सचिव पिंकी, विभा, राजकुमारी, विनीता, अनिता, आकांक्षा, सुनंदा आदि मौजूद थे।

# सड़कों पर पड़े पेड़, दुर्घटना की आशंका



**कलकसा।** डोंगरगढ़ से खैरागढ़, राजनांदगांव, बोरतलाव सहित अन्य सड़कों पर आंधी तूफान के बाद दर्जन भर से ज्यादा पेड़ गिरे हुए है। पेड़ों के गिरने के बाद अधिकारियों द्वारा हटाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया सड़कों में गिरे पेड़ दिन के उजाले में दिख जाते हैं लेकिन रात को नजर नही आते जिससे दुर्घटना होने का डर बना रहता है।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों अधंड बारिश से डोंगरगढ़ से बेलगांव होते हुए राजनंदगांव मार्ग पर सैकड़ो पेड़ गिर गए थे। बिजली के खंभे सहित तार टूट कर बिखर गए है जिससे दर्जन भर गांव में बिजली कई घंटे तक बाधित रही। वर्तमान में बिजली के खंभे एवं तार जस के तस पड़े हैं जिन्हे दुरूस्त नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मानसून आने के पहले बिजली विभाग द्वारा सप्लाई बंद कर मेंटनेंस किया जाता है इसके बाद बिजली के तार के ऊपर टहनियों का लटकते नजर आना समझ से परे है। इन्ही टहनियों के कारण अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित होती है और उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है।

### ओवरटेक के चक्कर में टकराए वाहन

**ठेलकाडीह।** आगे बढ़ने के फेर गत दिनों एक दुर्घटना हो गई। राजनांदगांव से खैरागढ़ मार्ग पर चवेली के पास हाईवा और ट्रक एक ही दिशा से आगे पीछे चल रहे थे। दोनों चालक एक दूसरे को ओवरटेक कर रहे थे। इसी बीच हाईवा ड्राइवर के ब्रेक लगाने पर ट्रक टकरा गया। इस हादसे में किसी को भी चोटे नहीं आई लेकिन वहां से गुजर रहे एक बाइक चालक बाल बाल बचा।

### घटिया निर्माण की खुली पोल

**ठेलकाडीह।** ग्राम पंचायत विचारपुर और आश्रित ग्राम तिलईभाठ में करीब 3 महीने पूर्व लाखों की लागत से सीसी रोड का निर्माण हुआ है। निर्माण में जमकर अनियमितता बरती गई है जिसके चलते सीसी रोड बनने के तीन माह बाद उखड़ने लगी है। जगह-जगह से दरार पड़ गई है। गुणवत्ताहीन निर्माण पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त किया है।

# किया योग का अभ्यास



**जेवरतला रोड।** ग्राम पंचायत पिनकापार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बालक पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सोमिन भुआर्य, पंचायत सचिव बलदाऊ प्रसाद देवांगन, पंच दिलेश्वर भुआर्य, बिंदाबाई, रोजगार सहायक चंद्र सीमा राजपूत, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक डीएस कोमार्य, माध्यमिक शाला के प्राचार्य एचआर वर्मा, शिक्षक आदि शामिल हुए।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

# भाजपाइयों ने डॉ. मुखर्जी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शासकीय अस्पताल अछोली में फल वितरण कर मरीजों से स्वास्थ्य की जानकारी दी।

डां. मुखर्जी के जीवन पर सुनील जैन ने उद्बोधन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, डॉ पन्नालाल बाफना, मधुसूदन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबडा, शहर महामंत्री राकेश अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, अंचलासिंह ठाकुर, विनीत यादव, मुकेश रामटेके, अमित बोस, आवेश निगम महाकाल, कचरूराम साहू, उपकार साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### डॉ. मुखर्जी को किया याद



**अंबागढ़ चौकी।** मंडल भाजपा ने महान शिक्षाविद्, विचारक और जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। इस मौके पर जिला महामंत्री दिलीप वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, राजकिशोर खंडेलवाल, पवन गुप्ता, निखिल झा, राजेश जैन गुजराती, कमलेश सारश्वत, अविनाश त्रिपाठी, काशी निषाद, सतीश शर्मा, संतोश विश्वकर्मा, संतोष साहू, पार्षद मोहसिन खान, सुखराम निषाद, दिलीप यादव आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

**डोंगरगांव।** जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर मंडल भाजपा ने यादव भवन में कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय भाजपा के आह्वान पर घर, बाड़ी, खेत में एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने के अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान आगामी 6 जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, संतोष यादव, अरुण जैन, लोकेश यद्दु, टेकराम निषाद, कमल साहू, चुनेश्वर साहू, धनीराम चौधरी, किशोर यादव, विजय जैन, कोमल साहू, डिकेश साहू, नरेश कुंभकार, कलवा राम सोनकर, मूलचंद साहू,जिला पंचायत सदस्य इंदुमती साहू, दिप्ती ठाकुर, ममता उयके, डीके साहू, थनवार सिन्हा, लखन बांकल,जितेंद्र सिन्हा, तखत सोनकर सहित अन्य उपस्थित थे।



Recognized by
Indian Nursing Council & C.G.
Nurses Registration Council

NURSING EDUCATION

B.Sc. Nursing
4 Years Course

P.B.B.Sc. Nursing
2 Years Course

100% CAMPUS PLACEMENT



RASTOGI COLLEGE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
G.E. ROAD, TEDESARA, DIST.- RAJNANDGAON (C.G.)
www.rastoginursing.com • rcnrjn@rastoginursing.com
© 09300252200, 09300558500

**शिविर:** उपमुख्यमंत्री नें कवर्धा पीजी कॉलेज इंडोर स्टेडियम में जन-समस्या निवारण शिविर का शुभारंभ किया

# मुख्यमंत्री साय सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रविवार को कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान कवर्धा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पालिका परिषद् द्वारा आयोजित जन-समस्या निवारण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नागरिकों से सीधा संवादकर उनकी मांग, समस्याएं सुनीं और आवेदन लिया। उन्होंने आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को लर्निंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया, जन-समस्या निवारण शिविर में कुल 474 आवेदन प्राप्त हुए।

श्री शर्मा ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जन-समस्या निवारण शिविर का आयोजन आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसी तरह कवर्धा नगर पालिका के सभी वार्डो के लिए जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा।

जनसमस्या निवारण शिविर की दिन और तिथि निर्धारित कर ली गई है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निवारण सुनिश्चित करना है, जिससे नागरिकों को राहत मिले और शासन प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़े। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री साय की सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि जनता को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखने का मौका मिल सके और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सकें। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार हर संभव प्रयास कर रही है सभी लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा शिविर में उपस्थित रहे और आमजनों से प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित किया। इस अवसर पर अधिकारी-पदाधिकारी सहित समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक जन उपस्थित थे।

## शिविर में 160 लर्निंग लाइसेंस के सभी आवेदनों का किया गया तत्काल निराकरण



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिला जन समस्या निवारण शिविर का अवलोकन कर पूरी व्यवस्था देखी। शिविर में युवाओं ने लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर स्थल पर ही ऑनलाइन आवेदन किया और उन्हें तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने युवाओं को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया। शिविर में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लगभग 160 से अधिक युवाओं ने लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर स्थल पर ही ऑनलाइन आवेदन किया। जिसमें सभी आवेदनों का तत्काल निराकरण कर लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। साथ ही साथ लाइसेंस बनाने आए युवाओं ने इस शिविर के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। युवाओं ने कहा कि लर्निंग लाइसेंस बन जाने से सभी बहुत खुश है। इससे युवाओं के समय और धन दोनों की बचत हुई है। लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाने से लाइसेंस बनाने में आने वाली समस्या से निजात मिली है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देश पर शिविर के आयोजन से सभी का लाइसेंस बनना संभव हुआ है। लाइसेंस बनने से मोटर सायकल, ट्रेक्टर, कार तथा अन्य वाहन चलाने का वैधानिक अधिकार मिल जाता है। इससे वाहन से जुड़े स्थानीय रोजगार के अवसर भी मिलते है।

### जनसमस्या शिविर में 474 आवेदन मिले

जनसमस्या निवारण शिविर में स्वाथ्य विभाग के हेल्थ कैंप में 90 लोगों का जांच किया गया। इसके साथ परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से 160 हितग्राहियों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर प्रदान किया गया। इसी तरह जनसमस्या निवारण शिविर में पेंशन के 06, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 06, आयुष्मान भारत योजना के 54, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 04, आधार कार्ड बनाने का कार्य, आधार कार्ड के 08, राजस्व विभाग के 01, विद्युत विभाग के 09, राशन कार्ड के 36, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के 05, प्रधानमंत्री आवास के 18, श्रम विभाग पंजीयन के 15, नजूल विभाग 37, महिला बाल विकास विभाग के 02 और पीडब्ल्यू डी नगर पालिका के 23 आवेदन प्राप्त हुए।

# कोलेगांव से हथमुड़ी सड़क पूरी तरह से जर्जर, राहगीर परेशान



■ आवागमन करनें में ग्रामीणों को उठानी पड़ रही भारी दिक्कतें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क कोलेगांव से हथमुड़ी सड़क पूरी तरह से जर्जर व बदहाल स्थिति है, जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा लगातार अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बैठक लेकर जर्जर व बदहाल सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए वहीं दूसरी ओर शासन प्रशासन व जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा जिस सड़कों की नवीनीकरण होना था, उसे जिम्मेदारों व ठेकेदारों द्वारा सिर्फ दिखावा के लिए जर्जर सड़क पर गिट्टी डालकर लिपा-पोती किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन करने में दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री सड़क पांच वर्ष के कार्यकाल में ठेकेदारों व जिम्मेदारों तथा शासन प्रशासन द्वारा जर्जर व बदहाल प्रधानमंत्री सड़क का नवीनीकरण करने का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदारों व जिम्मेदारों द्वारा गड्ढों में गिट्टी व मुरूम डालकर सिर्फ और सिर्फ लिपा-पोती किया जा रहा है। ग्राम कोलेगांव से हथमुंडी प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल होने के कारण आसपास क्षेत्र के ग्रामीण व राहगीर इसी मार्ग से गुजर कर मुंगेली, बिलासपुर व जिला मुख्यालय कबीरधाम आवाजाही करते है। जो कि जर्जर व बदहाल सड़क से आवागमन करने में भारी दिक्कतों व ग्रामीण तथा राहगीर गिरकर चोटिल हो रहें है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जर्जर व बदहाल सड़क की स्थिति जस के तस रही तो बरसात के दिनों में निश्चित यह सड़क भयानक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जिससे ग्राम पेंड्रीकला, बसनी, कोलेगांव के ग्रामीणों को इस जर्जर व बदहाल मार्ग मे रोजाना आवाजाही लगा रहता है, जिस पर ग्रामीणों सहित आसपास क्षेत्र के ग्राम भगतपुर, धनेली, सेमरकोना, अमलीमालगी, कुआंमालगी, पथर्रा, भटरूसे, मोहतरा कला, कंझेटा, घोरपेंड्री, खैलटुकरी तथा सूरजपुरा के ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व शासन प्रशासन से जल्द से जर्जर व बदहाल प्रधानमंत्री सड़क की सुधार व मरम्मत तथा नवीनीकरण कि मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को सुविधा व राहत मिल सकें।

## खबर संक्षेप

### श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**कवर्धा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में कार्यक्रमों की धूम रही। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय में जोश एवं उल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने ओंम एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ किया। योग दिवस पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए डेढ़ घंटे का योग का अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने बच्चों को योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यत्मिक फायदों को गिनाया, प्रथमतः सूक्ष्म व्यायाम, यौगिक जॉगिंग, प्रणायाम और अंत में विभिन्न आसनों के द्वारा योग मुद्राएं भी कराई। बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है जो व्यक्ति द्वारा स्वयं की जाती है। यह न सिर्फ शारीरिक और मानसिक रूप से बल्कि चारित्रिक रूप से भी व्यक्ति का विकास करती है। योग हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। यह वैदिक काल से जारी है और इस आधुनिक और तकनीकि युग में काफी उपयोगी और प्रभावी साबित हुआ है।

## ब्रम्हाकुमारी का योगदान समाज को एक सकारात्मक दिशा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय ने रविवार को प्रजापति ब्रम्हाकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय सेवा केन्द्र, शिव ज्योति भवन कवर्धा में संस्था के प्रथम मुख्य प्रशासिका रही ज्ञानेश्वरी मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के स्मृति दिवस के अवसर पर अलौकिक समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रजापति ब्रम्हाकुमारी प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री को शॉल, श्रीफल, श्रीरामचंद्र की तैलचित्र भेंट की।

ब्रम्हाकुमारी पुष्पा दीदी ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की जीवन की प्रेरणादायी और सेवाधारी बन ईश्वरी संदेश को बताया। इस दौरान ब्रम्हाकुमारी निलेश्वरी बहन ने राजयोग का अभ्यास कराया। श्री शर्मा ने इस दौरान शिव ज्योति भवन परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होने ब्रम्हाकुमारी की कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल अध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है ब्लकि समाज में नैतिक मूल्यों और सतगुणों का भी प्रचार प्रसार कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके द्वारा शांति, प्रेम और सद्भावना का प्रसार करते है। उन्होंने कहा कि ब्रम्हाकुमारी का योगदान समाज को एक सकारात्मक दिशा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से संस्था द्वारा किए जा रहे शैक्षिक और अध्यात्मिक कार्यो की भी सराहना की, जो समाज के विभिन्न वर्गो के उत्थान में सहायक साबित हो रहे है।

## किसान कल्याण फाउंडेशन का राज्य स्तरीय गूगल मीट की वर्चुअल बैठक संपन्न

**हरिभूमि कोलेगांव।** कोलेगांव। रविवार को किसान कल्याण फाउंडेशन द्वारा पहली बार राष्ट्रीय स्तर बैठक गूगल मीट के माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें किसान कल्याण फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड लोग जुड़े। जिसमें अतिथि एनसी राजपूत दिल्ली सोलर सौर ऊर्जा के जो इंडिया में प्रथम व्यक्ति है, जिन्होंने 40 वर्ष सेवा देकर एक नई कीर्तिमान स्थापित किया है साथ में व्याख्याता साहित्यकार डॉ गीता गंगोत्री के कर कमलों सें गूगल मीट के माध्यम से संचालित हुआ और किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के पदाधिकारी व सदस्य गण जुड़ें। इस बैठक में विशेषकर आने वाले समय में सभी राज्यों में सोलर सौर ऊर्जा संबंधित कार्य के लिए बैठक आयोजित किया गया जिसमें विशेषकर एनसी राजपूत नें सोलर सौर ऊर्जा को किस पद्धति से कार्यशैली को संचालित किया जाना है एवं जिन लोगों को ट्रेनिंग, प्रशिक्षण के साथ-साथ गुजरात जैसे जगह पर अपना सीखने और समझने के लिए जाना है इन सारी बातों को उन्होंने इस गूगल मीट के माध्यम विस्तार से बताया। साथ ही साथ आगामी 2 से 3 जुलाई के बीच में सभी प्रदेशों से पांच प्रतिनिधि दिल्ली के लिए जाएंगे वहां पर सभी जानकारी उपलब्ध कराकर अपने-अपने राज्यों में सौर ऊर्जा संबंधी सभी राज्यों को संचालित करने के लिए काम लेकर आएंगे और करेंगे। इस वर्चुअल गूगल मीट में उत्तर प्रदेश की व्याख्याता डॉ गीता गंगोत्री को राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान कल्याण फाउंडेशन घनश्याम यादव ने राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में वर्चुअल गूगल मीट में घोषणा किया, वहीं आगामी नियुक्त पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## गृहमंत्री का गडरिया समाज के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की लोक पारंपारिक खुमरी पहनाकर स्वागत किया



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा शहर प्रवास के दौरान रविवार को उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा का वार्ड क्रं16 पाली पारा पहुंचे। जहां उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का वार्डवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। गडरिया समाज के प्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा का छत्तीसगढ़ की लोक पारंपारिक खुमरी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, राजेन्द्र सलुजा, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, पार्षद रिंकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, उमंग पाण्डेय, सुनील साहू, हेमचंद चंद्रवंशी, विजय पाली सहित गडरिया समाज के प्रतिनिधि, समस्त पार्षद व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## नाली निर्माण के अभाव में गांव की गलियों में जल-भराव, ग्रामीण परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई शुरुआती मानसून की पहली बारिश ने गांव की गली-मोहल्ले व चौक चौराहों तथा सड़कों में जल भराव की स्थिति से टापू जैसी निर्मित होने लगा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार शुरुआती मानसून की पहली बारिश ने गांव की गली-मोहल्ले व सड़कों के विकास कार्यो की पोल खोल रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम में पक्की नाली व सीसी रोड़ निर्माण के आभाव में ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं गली-मोहल्ले में जल भराव की स्थिति निर्मित होने से आवाजाही बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा है जो एक गांव की समस्या नहीं बल्कि यह आसपास क्षेत्र के ग्रामों की बड़ी समस्या है, जिसमें ग्राम पंचायत बरबसपुर की सड़क में जल भराव व दौजरी की गलियां, डबराभाट के चौक-चौराहों तथा सारंगपुर खुर्द, हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंडालपुर, सिंघनपुरी, बीजाझोरी तथा गांगचुवा के चौक-चौराहे, गली-मोहल्ले तथा सड़कों से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा पानी निकासी की व्यवस्था कराया जाने की मांग की गई ताकि लोगों को राहत मिल सकें।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में योगाभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भानपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने योगाभ्यास किया। प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा व सिद्धराम पाटिल ने छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करने से तन मन शुद्ध व स्वस्थ रहता है, योग हमारे शरीर को रोगमुक्त करता है, मन में शांति आती है, योग की परम्परा बहुत ही प्राचीन है जो ऋषि मुनियों के समय से चली आ रही है इसीलिए हमारे ऋषि मुनि बहुत ही दीघार्यु होते थें। योग के महत्व को केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरा विश्व समझ रहा है वहीं छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से सचिव की शिकायत की, जिला पंचायत सीईओ को सभी पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए

# कलेक्टर ने उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्राम बहरमुड़ा पहुंचकर जायजा लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विकासखण्ड ग्राम बरहमुड़ा में उल्टी-दस्त से प्रभावित ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुधार की जानकारी लेने कलेक्टर जनमेजय महोबे पहुंचे। उन्होने ग्राम बहरमुड़ा में उल्टी-दस्त को प्रभावित रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने इन विभागों को ग्राम सहित आसपास के गांवों में भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होने ग्राम बहरमुड़ा के प्राथमिक स्कूल में बनाए गए अस्थायी स्वास्थ्य कैंप का भी अवलोकन किया और वहां उपचार के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्थायी कैंप में तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमलों से उल्टी-दस्त से प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य सुधार के बारे में पूरी जानकारी ली। कलेक्टर से ग्राम बहरमुड़ा के ग्रामीणों ने ग्राम सचिव की बेहद और गंभीर शिकायत की।

कलेक्टर ने ग्राम सचिव के विरूद्ध मिली शिकायत की जांच करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को शिकायतों की सभी पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने बताया कि ग्राम बहरमुड़ा में 21 जून को उल्टी दस्त से 10 मरीज, 22 जून को 18 मरीज और 23 जून को 2 मरीज कुल 30 लोगों का अस्थायी स्वास्थ्य कैंप में बेहतर उपचार किया गया और प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सकुशल छुट्टी दी गई। वर्तमान में उल्टी-दस्त से कोई गंभीर पीडित नहीं है। कलेक्टर ने ग्राम के सभी घरों में स्वास्थ्य अमला भेजकर सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराने और उल्टी-दस्त के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उनहोने अस्थायी कैंप में 24 घंटे चिकित्सक सहित स्वास्थ्य अमलों को अलर्ट रहने के सख्त निर्देश दिए है। कलेक्टर ने उपस्वास्थ्य केन्द्र बुटकुली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदौरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में भी उल्टी-दस्त एवं मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियों सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने ग्राम बहरमुड़ा के सभी शासकीय एवं निजी जल स्त्रोंतों को जल परीक्षण कराने के लिए पीएचई विभाग को निर्देश दिए। साथ ही सभी जल स्त्रोंतों को क्लोरिनेशन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम के 9 हैण्डपंप का जल परीक्षण का सैम्पल लिया गया है। और ग्राम के 16 स्त्रोतों को क्लोरिनेशन किया गया है।

पीएचई एसडीओ श्री डीएस राजूपत ने बताया कि ग्राम में पेयजल आपूर्ति के लिए 16 जल स्त्रोत है, जिसमें 6 पाउर पंप, एक सोलर पंप और 9 हैण्ड पंप है। इसके अलावा ग्राम में निजी बोर जल स्त्रोत कुल 33 जल स्त्रोत हैं। कलेक्टर के निर्देश पर जल स्त्रोतों को क्लोरिनेशन का काम किया जा रहा है। पानी टंकी का भी क्लोरिनेशन किया गया है। सभी 33 जल स्त्रोंतो का परीक्षण के लिए सैम्पल लिए गए है, जांच रिपोर्ट अभी नहीं आई है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## कांग्रेसी बताएं अवैध रेत भंडार किसका : यादव



**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ तहसील के ग्राम मुड़पार में लावारिस रेत के उठाव को लेकर कांग्रेसियों द्वारा किए जा रहे प्रपंच को पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने चोर मचाए शोर करार देते हुए विपक्ष से पूछा है कि कांग्रेसी नेता बतायें की अवैध रेत भंडार किसका है और प्रशासन को इस प्रकरण में निष्पक्ष जॉच में सहयोग दें। पूर्व सांसद ने कहा है कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस समर्थित रेत माफिया द्वारा अवैध रूप से भंडारण किये गये रेत की जब्ती और राजस्व विभाग की कार्यवाही से कांग्रेसी नेता तिलमिलाए हुए हैं। राजस्व अधिकारियों द्वारा विधिवत अवैध रेत की जब्ती और कार्यवाही की गई है जिसकी जानकारी कांग्रेसी नेताओं को भलिभांति है, किन्तु प्रशासन द्वारा इस प्रकरण में नियमानुसार की गई संपूर्ण कार्यवाही की जानकारी विपक्ष को होने के बावजूद भी, मुद्दाविहीन कांग्रेसी नेतागण इस विषय में ऑखें मूंद कर बैठे हैं और पूरे प्रकरण से अनभिज्ञ होने का ढोंग करके शासन प्रशासन के खिलाफ मुद्दा तलाश रहे हैं, किन्तु विपक्ष की इस स्वार्थ की राजनीति को जनता अच्छी तरह समझती है। उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की तर्ज पर भाजपा के स्थानीय पूर्व विधायक पर विपक्ष निशाना साध रहा है, जबकि लगाये गये मिथ्या आरोपों पर भाजपा नेता मधुसूदन ने जॉच व कार्यवाही की मांग की है।

विपक्ष के असत्य, निराधार एवं मनगढ़त आरोप किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं करने की बात पूर्व सांसद ने की है। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं पर आरोप लगाया है कि पूर्ववर्ती भ्रष्ट कांग्रेस शासन में करोड़ों रूपये के रेत के अवैध डंप भंडार अब भाजपा शासन में पकड़ाये जाने से कांग्रेसी नेताओं को लाखों करोड़ों रूपयों का नुकसान हो रहा है, जिससे वे बौखला गये हैं। लावारिस रेत के लिए विपक्ष का छलकता दर्द और चिंता इस बात की ओर इशारा कर रही है कि कहीं ना कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है और इन रेत माफियों के तार, हल्ला मचाने वाले कांग्रेसी नेताओं से जुड़े हुए हैं। मधुसूदन यादव ने चेतावनी देते हुए कहा है कि कांग्रेसी नेताओं को चाहिये की वो शासन प्रशासन की मदद करते हुए अवैध रेत के भंडारण में संलिप्त रेत माफियाओं का नाम उजागर करे, क्योंकि शासन प्रशासन इस प्रकरण में निष्पक्षता, तत्परता एवं संवेदनशीलता से कार्यवाही करते हुए जनता के सामने कांग्रेस समर्थित रेत माफियाओं का सच उजागर करने के लिये प्रतिबद्ध है।

### इंसान को तीन मित्र ताली, थाली और प्याली से दूरी बनाकर रखना चाहिए

# प्रत्येक व्यक्ति की आत्मा में जो परमात्मा का दर्शन कर ले वही संत है : पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शिव महापुराण कथा के छठवें दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने संत और साधु की परिभाषा बताते हुए कहा कि प्रत्येक आत्मा में जो परमात्मा का दर्शन कर ले वही संत और साधु कहलाता है। तुलसी या संसार में सबसे मिलिए धाय, न जाने किस रूप में नारायण मिल जाय। शिव महापुराण की कथा कहती है कि जितनो से मिलो ये मान कर मिलो की ये बहुत पवित्र आत्मा है ये बहुत अच्छे है। इस भाव से अगर तुम किसी से मिलोगे तो तुम्हे उसकी पवित्रता ही मिलेगी।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि इंसान को तीन मित्रों से दूरी बनाकर रखना चाहिए ताली, थाली और प्याली, ताली अर्थात प्रशंसा करने वाले से दूरी बनाओ क्योंकि ये आपको न जाने कहा ले जाकर पटक देंगे। थाली मित्र अर्थात होटल में खाने वाले से दूरी बनाओ इससे आपकी स्वास्थ्य बुरा होगा। ऐसे ही प्याली अर्थात पीने वाले मित्रों से दूरी बनाओ ये आपकी जिंदगी बर्बाद कर देंगे

### 18 साल बाद संतान का सुख

पंडित प्रदीप मिश्रा ने प्राप्त पत्रों को पढ़ते हुए बताया कि मध्यप्रदेश की शिवानी जिला से आयी लोमती नामदेव कहती है कि मेरी बेटी का नाम प्रतिभा नामदेव पति पुरषोत्तम नामदेव है। मेरी बेटी को 18 साल तक संतान नहीं हुई तो उन्होंने शिवशंकर पर जल जढ़ाना शुरू किया और इससे उन्हें संतान का सुख मिल गया।



### शिव भक्ति से ठीक हुए कान

दूसरे पत्र को पढ़ते हुए पंडित मिश्रा ने बताया कि श्रीमती शांति साहू पति गिरीश साहू निवासी डोंगरगांव ग्राम मटिया जिला राजनाँदगाँव के रहने वाली है। वे कहती है कि 45 साल से वे कान से परेशान थी। पर्दा फट गया था। शिव महापुराण की कथा सुनने के बाद उन्होंने शिव भक्ति शुरू की और अब दोनों कान पूरी तरह ठीक हो गए।

### गंडई में कुम्भ मेले जैसा माहौल

पंडित प्रदीप मिश्रा के कथा कार्यक्रम के दौरान दूर दूर से आकर हर प्रकार के व्यापारियो ने माँ गंगाई मंदिर से लेकर कथा स्थल तक सड़क के दोनों किनारों ओर दुकान लगाया। जिसके कारण पूरे शहर में कुम्भ मेले जैसा लगने लगा है।

### मिसेस सीएम ने सुनी कथा

कथा कार्यक्रम के छठवें दिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय का आगमन हुआ। उन्होंने आज शिव महापुराण की पूरी कथा सुनी। कथा के बाद वे अग्रवाल समाज द्वारा लगाए गए भंडारे में भी पहुंची। यहां उन्होंने शिव भक्तों को पोहा का वितरण किया। इस दौरान श्रीमती साय ने कहा कि जहां भी भगवान का कोई आयोजन होता है वे जरूर पहुंचती है। उन्होने कहा कि छग की जनता पर भगवान शिव का आशीर्वाद बना रहे यहीं कामना वे भगवान से करती है।

### नजर से बचाने

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान कहा कि बचपन में बच्चो के हाथों में गला में माताएं काला डोरा बांध कर उन्हें गलत नजर से बचाती है जिससे उन्हें नजर नही लगती है। उन्होने महिलाओ से आग्रह किया कि बच्चा जब बड़ा हो तोउसके गले मे रुद्राक्ष जरूर पहना दो। जिससे उसके मन मे ये भाव आए की मेरी मम्मी ने मुझे रुद्राक्ष पहनाया है मैं गलत कैसे करूँ, गलत लोगो की संगत में क्यों रहू,गलत खाना गलत पीना कैसे करूँ।

**कृषि विभाग ने की कार्रवाई, 2 को नोटिस**

## बिना लाइसेंस की खाद दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि विभाग, राजनांदगांव की टीम द्वारा जिले में खरीफ मौसम में उर्वरकों के कालाबाजारी को रोकने हेतु विकासखंड राजनांदगांव के सहकारी व निजी उर्वरक विक्रताओं के विक्रय परिसर का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। गड़बड़ी मिलने पर कृषि विभाग द्वारा शहर की एक दुकान को सील किया गया है वहीं दो दुकानों को नोटिस जारी की गई है।

प्रशासनिक सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कृषि अमले ने गोलछा फर्टिलाईजर्स, बसंतपुर राजनांदगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स गोलछा फर्टिलाईजर्स के द्वारा थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रय का लाईसेंस हेतु विभाग को प्रस्तुत विक्रय स्थल दस्तावेज में गंज चौक पुराना मंडी का उल्लेख है। वर्तमान में उर्वरक विक्रय का कार्य बसंतपुर, नया मंडी के समीप किया जा रहा है, जो कि उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियंत्रण आदेश 1985 के खण्ड 8, उपखण्ड 2 का उल्लंघन है।

जिसके कारण संबंधित संस्था में भंडारित 45 कि.ग्रा. भरती के यूरिया (आई.पी.एल.) -440 बोरी, यूरिया (कोरोमंडल) 814 बोरी, 50 कि.ग्रा. भरती के ग्रोमोर (28:28) 840 बोरी, एसएसपी पाउडर 150 एवं एसएसपी दानेदार 125 बोरी इस प्रकार कुल 2755 बोरी (1314 क्विटंल) उर्वरकों को जब्त कर दुकान को सील करने की कार्यवाही करते हुए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तहत नोटिस जारी किया गया है।

### बिना अनुज्ञप्ति पत्र मिली दुकान

मेसर्स गुप्ता कृषि वस्तु भंडार के गंज चौक, राजनांदगांव के विक्रय परिसर का निरीक्षण में मैग्नीशियम सल्फेट 20.5 प्रतिशत अनुज्ञप्ति पत्र में बिना ओ-फार्म/स्त्रोत प्रमाण पत्र के 100 बोरी (50 क्विंटल) मात्रा भंडारित पाया गया, जो कि उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) नियंत्रण आदेश 1985 खंड 8, उपखंड 2 का उल्लंघन पाये जाने पर उक्त उर्वरक को जप्ती करते हुए संबंधित को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तहत नोटिस देने की कार्यवाही की गई है।

### रसीद में किसानों की हस्ताक्षर नहीं

इसी प्रकार मेसर्स महावीर इंटरप्राईजेस, गंज चौक, राजनांदगांव के विक्रय परिसर का निरीक्षण में संबंधित फर्म द्वारा उर्वरक विक्रय कर कृषकों को रसीद प्रदान की जा रही है, परन्तु रसीद में कृषकों के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण फर्म को उर्वरक निरीक्षक के द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तहत नोटिस जारी किया गया है।

## पहली बार टीईटी परीक्षा, 12 केंद्रों में शामिल हुए परीक्षार्थी




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में पहली बार व्यापम की टीईटी परीक्षा को लेकर बारह केंद्रों में तीन हजार से ऊपर परीक्षार्थियों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा दी। प्राइमरी और मिडिल स्कूल में शिक्षक बनने व्यापम द्वारा पहली बार जिले मे टीईटी परीक्षा आयोजन की सहमति दी गई थी जिसके बाद रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज 375, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी आत्मानंद शाला 377, स्वामी आत्मानंद कन्या शाला 230, अमलीपारा हाई स्कूल 111, जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाइट 153, विवेकानंद स्कूल 155, पालिटेक्रिक कालेज 158, माइलस्टोन स्कूल 111 और वेसलियन स्कूल अमलीपारा मे प्राइमरी शाला मे शिक्षक बनने सुबह की पाली मे 155 परीक्षार्थी सुबह नौ से सवा बारह बजे की पाली मे शामिल हुए। प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा मे पंजीकृत 2430 मे 1845 शामिल हुए जबकि 585 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में पहली बार हो रहे शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारियों सहित निर्धारित समयावधि मे परीक्षा के दौरान व्यापम नियंत्रक डॉक्टर सुधीर उप्रित सुबह और दोपहर की पालियों में परीक्षा केंद्रों में पहुंचे जहां उन्होंने परीक्षा आयोजन नोडल एसडीएम टकेंश्वर प्रसाद साहू सहित पूरी आयोजन टीम की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में उन्हें ऐसा महसूस नही हो रहा कि जिले में यह पहली बार हो रहा है। कंट्रोलर डॉ उप्रित ने पहली दफा परीक्षा आयोजन को लेकर प्रशासन की जमकर तारीफ की।

### आवाजाही की दिक्कत से बचे जिले के परीक्षार्थी

जिले में पहली बार आयोजन से शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने आए युवाओं खासतौर से महिलाओं ने व्यवस्था को लेकर सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें आने जाने, रूकने, खाने जैसी मूल दिक्कतों से काफी निजात मिली। पहले राजनांदगांव या दुर्ग जाना पड़ा था, लेकिन अब जिले में यह सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें आर्थिक या अन्य किसी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड़ेगा। गौरतलब है कि जिले के सूदूर वंनाचल क्षेत्र साल्हेवारा के अलावा गंडई, छुईखदान से परीक्षा में शामिल होने परीक्षार्थियों को लंबा सफर तय करना पड़ा था, लेकिन अब पहली बार शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजन और जिला प्रशासन की बेहतर व्यवस्था के चलते व्यापम द्वारा आयोजित अन्य परीक्षाओं के लिए भी राह आसान हो गई है।

### अहाते में पानी देख कलेक्टर ने प्राचार्य को हड़काया

इन नौ सेंटरों के अलावा प्रेम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्कूल लाराबंद और स्वामी आत्मानंद छुईखदान स्कूल में दोपहर पाली में परीक्षा हुई जहां पंजीकृत 3164 मे 2441 उपस्थित और 723 अनुपस्थित रहे। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने भी परीक्षा कालावधि में माइल स्टोन, अमलीपारा और आत्मानंद कन्या शाला का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारियों से तैयारी को लेकर चर्चा की। पदुमलाल पुन्नालाल आत्मानंद स्कूल में अहाते में पानी भरा देखकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने प्राचार्य की जमकर क्लास ली और कहा कि शाला प्रवेशोत्सव के पहले यह सब नही दिखना चाहिए। डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा आयोजन को लेकर नोडल अधिकारी एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू की देखरेख मे तीन हजार से उपर परीक्षार्थियों की बैठक सहित अन्य समुचित व्यवस्था केंद्र में बनाया गया था। पहली बार परीक्षा आयोजन को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम भी किया गया था।

## काम से निकाले श्रमिक कराएंगे आज भोग भंडारा



**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि मे 2020 से कुलपति रही पद्मश्री ममता चंद्राकर की रूखसत बाद कार्यकाल में नौकरी से हाथ गंवा बैठे लोगों ने परिसर स्थित शिव मंदिर मे सोमवार 24 को हवन पूजन साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया है।

संगीत विवि के अलग अलग विभागों में कार्यरत कुशल, अकुशल श्रमिकों की सूची में शामिल जितेंद्र सिंह गुड्डा, अनुपम सिंह, मुकेश यादव, सुनील यादव, विकास रावल, सुनील डग्गर सहित दो दर्जन से ज्यादा श्रमिकों ने बताया कि कुलपति के रूप में ममता चंद्राकर की नियुक्ति के पहले पंद्रह सोलह सालों से वो कुशल और अकुशल श्रमिक के रूप मे अलग-अलग विभागों में काम कर रहे थे। मस्टर रोल से उनकों भुगतान मिलता था जिससे वो अपने परिवार का गुजर बसर करते थे, लेकिन कुलपति के रूप मे नियुक्ति बाद से उनको अलग-अलग कारण बताकर काम से हटा दिया गया था।

## विजय शर्मा का गडरिया समाज के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की लोक पारंपारिक खुमरी पहनाकर स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर प्रवास के दौरान रविवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का वार्ड क्रं16 पाली पारा पहुंचे। जहां उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का वार्डवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। गडरिया समाज के प्रतिनिधियों ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा का छत्तीसगढ़ की लोक पारंपारिक खुमरी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, राजेन्द्र सलुजा, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, पार्षद रिंकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, उमंग पाण्डेय, सुनील साहू, हेमचंद चंद्रवंशी, विजय पाली सहित गडरिया समाज के प्रतिनिधि, समस्त पार्षद व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## बोरी में योग दिवस मनाया गया



**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी प्रांगण में संयुक्त रूप से प्राथमिक, माध्यमिक, एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी के शिक्षक/ शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में सम्मिलित होकर योगासन किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरी की सरपंच श्रीमती हेमपुष्पा देवांगन, लालाराम देवांगन, मनोज देवांगन, प्राचार्य श्रीमती अनीता सहारे, चंद्रशेखर भरने, उमेश दास वैष्णव उपस्थित रहें और समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं की उपस्थिति में योग अभ्यास कराया गया। आभार महेंद्र कुमार देवांगन ने किया।






प्रेरणा दिवस पर उद्योगपति एमडी बहादुर अली ने कर्मियों के लिए की कई घोषणाएं

# आईबी के कर्मियों को एसी सहित जरूरतों की खरीदी पर मिलेगी 50 फीसदी की सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रमुख उद्योगपति देश के इंटीग्रेटेड प्रोटीन लीडर आईबी ग्रुप के संस्थापक व प्रबंधक बहादुर अली के जन्मदिन 22 जून को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर श्री अली ने कंपनी के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुई कई घोषणा भी की जिससे कर्मचारियों में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई।

इस खास मौक़े पर आईबी ग्रुप देश को प्रोटीन पोषण पहुंचाने की अपनी पहल को एक क़दम और आगे बढ़ाते हुए अपने नए ब्रांड एबीस प्रो लॉन्च किया। जिसका अनावरण सीएमडी सुल्तान अली और एमडी बहादुर अली, डायरेक्टर श्रीमती ज़ोया आफरीन ने किया। शनिवार को संपन्न हुए इस कार्यक्रम में आईबी ग्रुप के डायरेक्टर जीशान अली, डायरेक्टर श्रीमती तनाज़ अज़ीज़ उपस्थित थे।

### प्रॉफिट शेयरिंग प्लान भी लांच

आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने इस अवसर पर यह भी कहा कि कंपनी के डायरेक्ट श्रीमती जोया आफरीन की पहल पर कर्मचारियों के लिए प्रॉफिट शेयरिंग प्लान की भी घोषणा कर रहे है। उन्होंने बताया कि आगामी तीन माह में कर्मचारियों को कंपनी के फायदे में हिस्सेदारी दी जाएगी। श्री अली ने कहा कि कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और लगन के कारण ही आईबी ग्रुप को यह बुलंदियां मिली है। उन्होंने कहा कि इस प्लान से कर्मचारियों को कंपनी के मुनाफे का भी हिस्सा मिलेगा।



### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल

आईबी ग्रुप व्यवसायिक प्रगति के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक क्रियाकलाप निरंतर संचालित करते रहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की मिशन लाइफ योजना के तहत अज़ीज़ पब्लिक स्कूल देश का पहला एस्पिरेशनल लाइफ स्कूल बनने का गौरव हासिल किया है। इसकी पुष्टि यूनिसेफ की टीम ने की और समारोह में उपस्थित होकर अज़ीज़ पब्लिक स्कूल को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

### कर्मियों को मिली कई सौगातें

इस उपलक्ष्य में आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वीकेंड पर यहां आईबी समूह के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति ने अभिभूत कर दिया है। श्री अली ने इस अवसर पर कर्मचारियों को कई सौगातें देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि 50 हजार रुपए से कम वेतन वाले कर्मियों को एसी सहित मूलभूत जरूरतों की खरीदी में आईबी ग्रुप द्वारा 50 फीसदी की सब्सिडी दी जाएगी। वहीं एक लाख रुपए तक के वेतन वाले कर्मियों को 25 फीसदी की सब्सिडी दी जाएगी ताकि वे कड़ी मेहनत के बाद आरामदायक जीवन जी सके। प्रेरणा दिवस के मौके पर सौगातों की झड़ी लगाते हुए श्री अली ने कहा कि आईबी ग्रुप के एक लाख रूपए से ज्यादा वेतन पाने वाले अधिकारियो एवं कर्मचारियों के घरों में काम करने वाले कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में भी एक प्रतिशत राशि का ऐलान किया है।

### एमओयू रिन्यू

उक्त कार्यक्रम में आईबी ग्रुप देश की दो प्रतिष्ठित पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय नानाजी देशमुख वेटेनरी साइंस यूनिवर्सिटी और दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु यूनिवर्सिटी के साथ 2019 में हुए एमओयू को भी रिन्यू किया।




## खबर संक्षेप

### वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस आज

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला गोंड समाज सेवा समिति कबीरधाम द्वारा गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 24 जून को मनाया जाएगा। समिति द्वारा इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में संमिति के डॉ.संतोष सिंह धुर्वे ने बताया कि जिला गोंड समाज सेवा समिति कबीरधाम के तत्वावधान में गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस 24 जून 2024 को स्थान आदिवासी मंगल भवन कवर्धा दोपहर 12.00 बजे मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि द्वारा पूजा कर पुष्प माला अर्पित कर सतरंगी झंडा फहराया जाएगा तथा पेनांजली अर्पित की जाएगी। तत्पश्चात दोपहर 12.30 मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। इसी कड़ी में दोपहर 2.00 पौधा रोपण, 2.30 समाज के द्वारा रक्त दान तथा दोपहर 3.00 वीरांगना रानी दुर्गावती की शौर्य गाथा पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी पदाधिकारियों व समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

### कबीरधाम जिले के लिए स्वेच्छानुदान राशि जारी

**कवर्धा।** सीएम विष्णुदेव साय ने बेमेतरा व कबीरधाम जिले के लिए कुल 1 करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपए स्वेच्छानुदान राशि जारी की है। इसमें कबीरधाम जिले के लिए 1 करोड़ 3 लाख रुपए व बेमेतरा जिले के लिए 48 लाख 50 हजार रुपए शामिल है। ये राशि कोषालय के माध्यम से कलेक्टर के खाते में जारी की गई है।

### भर्ती परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**कवर्धा।** छग व्यापमं ने बिजली कंपनी की भर्ती परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी किया है। इसमें कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल / सिविल / मैकेनिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स) व सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल) भर्ती परीक्षा-2023 का मॉडल उत्तर शामिल है। यह भर्ती परीक्षा तीन मार्च 2024 को आयोजित की गई थी।

# ग्राम कोयलारी के बाद ग्राम बहरमुड़ा में डायरिया का प्रकोप, अब तक मिले करीब तीस मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हाल के महिनो में जिले के विकासखण्ड स.लोहारा के ग्राम कोयलारी सहित अन्य ग्रामों में बड़ें पैमाने पर डायरिया फैलने के बाद जिले के ग्राम पंचायत बहरमूडा में डायरिया का प्रकोप देखने को मिल रहा है।

जानकारी के मुताबिक यहां बड़ी तेजी से डायरिया अपने पैर पसार रहा है और अभी तक करीब 30 ग्रामीणों को अपनी चपेट में ले चुका है। हालांकि गांव डायरिया फैलने की खबर के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया और बकायदा गांव में कैम्प कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य व उपचार पर नजर रखी जा रही है। बताया जा रहा है कि गांव में जिस पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति की जाती है, उसकी पाइपलाइन में लीकेज हो गया है। इस वजह से नाली का गंदा पानी घरों तक पहुंचने लगा और लोगों ने अनजाने में ही दूषित पानी का सेवन कर लिया, जिससे डायरिया फैल गया।

कुछ ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की लापरवाही के चलते लोग डायरिया का शिकार हुए हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत की ओर से पानी की पाइप लाइन की सही देखरेख नहीं की जा रही थी, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई।

इस मामले में ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जल आपूर्ति के लिए अलग से पानी की सप्लाई की जा रही है और जिस पानी टंकी से लोग बीमार हुए हैं, वह पुरानी टंकी है।

### तेजी से बढ़े मरीज

बीते महिने विकासखण्ड स लोहारा के ग्राम कोयलारी की ही तरह ग्राम बहरमुड़ा में डायरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जानकारी के मुताबिक यहां गत 21 जून को सिर्फ 4 मरीज मिले थे, लेकिन दूसरे दिन यह संख्या बढ़कर 10 हो गई और तीसरे दिन डायरिया का मानो विस्फोट हो गया और थोकभाव में 17 मरीज सामने आए गए। यहां भी कोयलारी की ही तरह दूषित पेयजल डायरिया फैलने की मुख्य वजह बनी है।



### ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को डायरिया से बचाव के उपाय बताए। इसके साथ ही, पीने के पानी को उबालकर पीने की सलाह दी गई और स्वच्छता का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को हाथ धोने की सही तकनीक और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरुक किया गया। इस घटना के बाद जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायतों को सतर्क रहने और नियमित रूप से जल स्रोतों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पाइप लाइनों की नियमित निगरानी और मरम्मत के लिए विशेष टीम गठित की गई है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने की योजना भी बनाई जा रही है, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग और पीएचई विभाग मौके पर मौजूद

ग्राम बहरमुड़ा में डायरिया फैलने की शिकायत सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और स्वास्थ्य अभियंत्रिकी (पीएचई) विभाग की टीम तुरंत ग्राम में पहुंच गई है और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए प्रयास शुरु कर दिए गए हैं। बीमार लोगों का इलाज चल रहा है और प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया है। ग्राम पंचायत के मुताबिक अब गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए नया सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। पुरानी पानी टंकी से होने वाली समस्याओं को देखते हुए, अब एक नई जल आपूर्ति योजना के तहत स्वच्छ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए नई पाइप लाइन बिछाई गई है और जल स्रोत को भी बदल दिया गया है ताकि भविष्य में ऐसी समस्या न हो।

## मौत: खेत जाते वक्त करंट की चपेट में आने से मौके पर तोड़ा दम

# बिजली विभाग की लापरवाही से महिला की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था का खामियाजा एक बार फिर एक ग्रामीण महिला को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। बताया जाता है कि खेत जाने वाले मार्ग में टूट कर गिरे पड़े हाई टेंशन विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है लेकिन हर बार की तरह इस बार भी सीधे तौर पर विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते हुए महिला की इस मौत पर अब तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह पिपरिया थाना क्षेत्र के ग्राम नवघटा निवासी नीरा बाई साहू पति खेलन साहू आयु 48 वर्ष अपने पति के साथ खेत में खाद डालने जा रही थी। बताया जाता है कि इसी दौरान ट्रांसफार्मर से निकला एलटी तार जो जमीन से महज 3 फीट ऊपर था और खेत जाने वाले मार्ग पर झूल रहा था उसे नीरा बाई हटाने लगी। जैसे ही नीरा बाई ने तार को टच किया वह करंट की चपेट में आई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मृतका के पति ने तत्काल ग्रामीणों और बाद में पिपरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और पीएम के बाद शव मृतका के परिजनो का सौंपा दिया गया है।





### ग्रामीणों का आरोप विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते मौत

महिला की इस मौत के लिए ग्रामीणों ने सीधे तौर पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी को जिम्मेदार ठहराया है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि वर्षाकाल प्रारंभ हो चुका है लेकिन विभाग द्वारा अंचल की खस्ताहाल और चरमराई तथा अस्त व्यवस्थ विद्युत व्यवस्था को दुरूस्थ करने कोई कार्यवाही नहीं की है। आलम ये है कि हाई वोल्टेज करंट प्रभावित विद्युत तार जमीन से महज तीन फीट की ऊपर झूल रहे हैं। ट्रांसफार्मर असुरक्षित ढंग से खुले पड़े, क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों में के सहारे तार खिंचे है जो कभी भी धरासाही हो सकते हैं। लेकिन विभाग को इसकी कोई परवाह नहीं है और वह इस अव्यवस्था को दुरूस्थ कराने में कोई रूचि नहीं दिखा रहा है। जिसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन से इस तरह की जीवलेवा लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है।




# गांजा तस्करी करते सरोधा से दो आरोपी गिरफ्तार

## 10 किलो 900 ग्राम गांजा व मोटर सायकल जब्त

- कवर्धा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना मुख्यालय कवर्धा से करीब 8 किलो मीटर दूर सरोधा बांध के पास से गांजा तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने इस गांजा तस्करों के पास से 10 किलो 900 ग्राम गांजा जप्त किया है। जिसका बाजार मूल्य करीब 1,40,000 रूपए आंका गया है।

पुलिस गिरफ्त में आए इन आरोपियों के के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्रांतर्गत सरोधा बांध के पास हीरो स्मार्ट मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेसी-1710 सवार दो युवक गांजा की तस्करी कर रहे हैं।

इस सूचना के बाद पुलिस की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी देवेन्द्र साहू पिता लोकराम साहू आयु 22 वर्ष निवासी खैरबना कला थाना कवर्धा तथा दीपक साहू पिता लीलूराम साहू आयु 19 वर्ष निवासी कांपा थाना कवर्धा को दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों की तलाशी के दौरान उनके पास से तीन खाकी रंग के पैकेट में छिपाकर रखा गया 10 किलो 900 ग्राम गांजा एवं तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर यायकल जप्त कर ली। आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल कर दिया गया है।

# उपमुख्यमंत्री विजय ने घर जाकर हितग्राहियों को दिए राशन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अपने एक दिवसीय प्रवास पर रविवार को कवर्धा पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र वार्ड क्रमांक 16 के पाली पारा में भीगते पानी मे ही वार्ड के निवासियों के घर-घर पहुच कर राज्य शासन की प्रचलित नवीन राशन कार्ड का हितग्राहियों के घर पहुचा कर दिए। यह पहली बार है जब कोई उप मुख्यमंत्री या मंत्री ने घर में जाकर हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदान किया है। बता दे कि दो तीन दिन पहले उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ समाज के हर वर्गो तक पहुचाने का विशेष जोर दिए है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि राशन कार्ड वितरण से गरीब परिवारों को सस्ता और सुलभ राशन उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सुनिश्चित करेगी कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे और सभी को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वितरण प्रक्रिया को कुशल बनाया जाए ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन मिल सके। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड वितरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो और सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर राशन कार्ड मिले। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर सहित समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने राशन कार्ड वितरण करने से पूर्व कवर्धा के वार्ड 16 पाली पारा में प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर पहुँचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां दंतेश्वरी की पूजा, दर्शन किए और दंडवत प्रणाम करते हुए प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, राजेन्द्र सलुजा, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनिराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, पार्षद रिंकेश वैष्णव, प्रमोद शर्मा, उमंग पाण्डेय, सुनील साहू, हेमचंद चंद्रवंशी सहित समस्त पार्षदगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ.श्याम प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के पुण्य तिथी बलिदान दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्याम प्रसाद मुखर्जी के तैलय चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। डॉ श्याम प्रसाद के पुण्यतिथि पर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हम सब भाजपा के कार्यकर्ता नारा लगाते है जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है, यह सिर्फ नारा नहीं यह हमारा संकल्प है इस संकल्प को हमे देने वाले महान व्यक्तित्व थे श्याम प्रसाद मुखर्जी जिसे हम बार-बार दुहराते है। एक देश दो निशान दो विधान नही चलेगा, इस संकल्प को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमेशा चली है। इस संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में पूरा करते हुए कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को भारत से जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा स्वतंत्र भारत मे देश के लिए सबसे बडे बलिदान जो हुआ वो श्यामा प्रसाद मुखर्जी का था। कश्मीर में एक देश दो विधान नही चलेगा का नारा उन्होंने दिया। उन्होंने राष्ट्र प्रेम और भारत की संस्कृति एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखने के लिए लड़ाई लड़ी, अपने प्राणों का बलिदान दिया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रामकुमार भट्ट, डॉ सियाराम साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, संतोष पटेल, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनी राम साहू, सतविंदर पाहुजा,पन्ना चंद्रवंशी, श्रीकान्त उपाध्याय, अजय ठाकुर, मुकेश सेन, रामविलास चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम ने 9 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राइसिकल और ट्रायसयकल का वितरण

# सरकार दिव्यांगों का जीवन बेहतर बनाने निरंतर प्रयासरतः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्र विजय शर्मा ने रविवार को पीजी कॉलेज कवर्धा के डोम में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कबीरधाम जिले के 09 दिव्यांगजनों से भेंट की और उन्हें बैटरी चलित ट्राइसिकल, ट्रायसयाकल वितरण किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह पहल दिव्यांग व्यक्तियों की गतिशीलता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रीतराम निवासी धनगांव, पुन्नी दास निवासी बरबसपुर, कु. भुवनेश्वरी योगी निवासी सोनपुरीरानी, रामसाय यादव ग्राम भागुटोला को बैट्री चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल तथा उमेश कुमार साहू, निवासी खड़ौदाखुर्द, विनोद कुमार साहू निवासी दुबहा, बजरहा मरकाम निवासी ख़िरसाली, उलखराम पटेल निवासी ख़िरसाली, बुंदेला बाई रजक रंजीतपुर को ट्रायसायकल वितरण किया। शिविर में बताया कि समाज कल्याण विभाग में दिव्यांगजनों के लिए ट्राइसिकल और बैटरी चलित ट्राइसिकल एवं अन्य उपकरण देने की योजना है। किसी दिव्यांग जनों को ट्राइसिकल व अन्य उपकरण की मांग के संबंध में सीधे अथवा जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकते है। जिले के दिव्यांगजनो ने उपमुख्यमंत्री शविजय शर्मा से भेंटकर बैटरी चलित ट्राइसिकल, ट्राइसिकल के लिए आवेदन किया था। उन्होंने आवेदन करते हुए निवेदन किया था कि समाज कल्याण विभाग में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी चलित ट्राइसिकल, ट्राइसिकल देने की योजना है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आवेदन का त्वरित कार्यवाही करते हुए दिव्यांगजनों के मांगों को न्याय संगत बताते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को तत्काल बैटरी चलित ट्राइसिकल देने की निर्देश दिए थे। जिसके परिणाम स्वरूप आज दिव्यांगजनों को आज ट्राइसिकल मिला हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



10 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्तसव 21 जून को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ पूरे विश्व में मनाया गया। इसी कड़ी में पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम द्वारा विभिन्न जगहों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य योग शिक्षक पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी के द्वारा प्रोटोकाल के तहत योग सिखाया गया। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि पतंजलि द्वारा विभिन्न जगहों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप गणेश प्रसाद तिवारी, राजकुमार वर्मा, महेंद्र ठाकुर, पुलिस लाइन कवर्धा में ज्योति शुक्ला, उमा भारती एवं भारती शर्मा, नगर पंचायत पिपरिया में किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अजय चंद्रवंशी, जिला न्यायालय कवर्धा में युवा भारत जिला प्रभारी हरेंद्र चंद्रवंशी एवं तहसील प्रभारी हजारी चंद्रवंशी, रामचुवा ग्राम जैतपुरी में जिला यज्ञ प्रभारी हरिराम साहू, शिव मंदिर में तहसील प्रभारी मनोहर साहू, स लोहारा में योग शिक्षक बालाराम पटेल, ग्राम सारंगपुर स्कूल प्रांगण में लीलाराम साहू, ग्राम दलपुरवा स्कूल प्रांगण में भुनेश्वर चंद्रवंशी, कु संजना चंद्रवंशी, सरस्वती शिशु मंदिर पिपरिया में रवि चंद्रवंशी, ग्राम डोमसरा स्कूल प्रांगण में तहसील प्रभारी रोहित जायसवाल एवं भागवत चंद्राकर, ग्राम चिल्फी के योग शेड में भुनेश्वर साहू, पंडरिया में आशु चंद्रवंशी ग्राम कोयलारी में अरविंद चंद्रवंशी ने लोगों को योग के गुर सिखाए और योग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।